संख्या:208/2022/705/35-4-2022/001-35-4099/285/2021

प्रेषक,

विवेक,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
फिरोजाबाद।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक:07 जुलाई,2022

विषय: वित्तीय वर्ष 2022-23 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत जनपद-फिरोजाबाद की विधान सभा क्षेत्र-टूण्डला में शासनादेश संख्या-370/2021/2219/35-4-2021 दिनांक 05 दिसम्बर, 2021 द्वारा सड़क निर्माण से सम्बंधित 15 कार्यों की रू0 300.65 लाख की लागत पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रू0 207.35 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई थी। जिलाधिकारी, फिरोजाबाद द्वारा पत्रांक:192/ डीएसटीओ/त्व0आ0वि0यो0/द्वितीय किश्त/2022-23, दिनांक 24 जून, 2022द्वारा उक्त कार्यों में से 10 कार्यों हेतु पूर्व में अवमुक्त धनराशि का पूर्ण उपयोग किया जाना इंगित किया गया है। एतद्द्वारा उपर्युक्त शासनादेश से प्रश्नगत कार्यों हेतु लागत रू. 243.30 लाख के सापेक्ष पूर्व में अवमुक्त धनराशि रू. 150.00 लाख को समायोजित करते हुए द्वितीय किश्त के रूप में देय रू. 93.30 लाख (रूपये तिरानबे लाख तीस हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(रू. लाख में)

	कार्य	अनुमोदित लागत	प्रथम किश्त अवमुक्त धनराशि	अवमुक्त धनराशि
1.	ग्राम सिकरारी में नगला जाट रोड से प्राइमरी स्कूल तक ननवनिर्माण सी0सी0 कार्य	17.71	15.00	2.71
2.	ग्राम राजारामपुर में राजारामपुर से बिजली घर की तरफ सम्पर्क मार्ग सी0सी0 रोड निर्माण कार्य	35.55	15.00	20.55
3.	ग्राम गढ़ी पुरानी में संजय जाटव के घर से पुरूषोत्म सविता के मकान तक परिक्रमा मार्ग	22.21	15.00	7.21
4.	ग्राम बदनपुर में परिक्रमा मार्ग सी0सी0 रोड निर्माण कार्य	25.87	15.00	10.87
5.	ग्राम दिनौली गढ़ी निर्भय मार्ग से वीर सहानी तक सी0सी0 निर्माण कार्य	22.58	15.00	7.58
6.	ग्राम नगला राजपती में परिक्रमा मार्ग तक सी0सी0 निर्माण कार्य	20.05	15.00	5.05
7.	ग्रामनगला धीरी में दालचन्द्र के घर से हनुमान मंदिर तक सी0सी0 निर्माण कार्य	19.16	15.00	4.16
8.	पचोखरा नारखी डाबर रोड से नगला सूरज से ठार बघेल तक सीसी निर्माण	16.07	15.00	1.07
9.	ग्राम भीकनपुर मेघपुर में सुजान सिंह के घर से हेतराम मास्टर के घर तक सीसी निर्माण कार्य	25.64	15.00	10.64
10.	ग्राम भैंसा वृजपुर के गांव हिडोकरिया स्कूल से राजमल मार्ग तक सीसी निर्माण कार्य	38.46	15.00	23.46
	योग:	**243.30**	**150.00**	**93.30**

1- सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 05 दिसम्बर, 2021 की शर्तें यथावत लागू रहेगी।

2- प्रश्नगत कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से कोषागार से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी जायेगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

3- परियोजना के लिये स्वीकृत धनराशि ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी। प्रश्नगत धनराशि आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी और तदनुसार कार्यदायी संस्था को धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

4- कार्यो को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत में ही पूर्ण किया जायेगा और लागत वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी।

5- स्वीकृत धनराशि का आहरण कर सदुपयोग सुनिश्चित किया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त/अनाहरित बचती है तो उसे 31 मार्च, 2023 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा 31 मार्च, 2023 तक नियोजन अनुभाग-4 को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

6- राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उ0प्र0 में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यतः कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून,2023 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।

7- वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए स्वीकृत लेखानुदान के सापेक्ष उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय करते समय वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्याः 13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक-07 जून, 2022 में उल्लिखित शर्तो एवं निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्ययरुपये 93,30,000 (रूपये तिरानबे लाख तीस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 040 **लेखाशीर्षक** 5054043370303 ग्रामीण क्षेत्रों में अधूरी सड़कों के लिए एकमुश्त व्यवस्था **मानक मद** 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक-07 जून, 2022 मे प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(विवेक)
विशेष सचिव।

संख्या:208/2022/705/35-4-2022/001-35-4099/285/2021तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज (इलाहाबाद)।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज (इलाहाबाद)।
3- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त, उ0प्र0शासन।
4- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, लोक निर्माण/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग।
5- प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0शासन।
6- निजी सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी।
7- मण्डलायुक्त, आगरा मण्डल।
8- निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0।
9- मुख्य विकास अधिकारी,फिरोजाबाद।
10- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी,फिरोजाबाद।
11- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5
12- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी,फिरोजाबाद।
13- अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,फिरोजाबाद।
14- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(विवेक)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in